राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः- प.14(5)RSSB/अर्थना/विवि/2015/828 दिनांकः- 25/06/19

आवश्यक सूचना

राज्य सरकार ने प्रक्रियाधीन भर्तियों में अति पिछडा वर्ग को 05 प्रतिशत एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। कार्मिक विभाग के पत्र क्रमांक प.7(1)कार्मिक/क–2/2017 दिनांक 23.06.2019 द्वारा निर्देश दिये गये है कि जिन भर्तियों में परीक्षा आयोजित हो चुकी है अथवा परिणाम जारी हो चुका है, उनमें अति पिछडा वर्ग को शेष 04 प्रतिशत आरक्षण देने के लिये संबंधित विभाग से अधिशेष पदों का सृजन करवाकर सूचना मंगवाई जावे। जिन भर्तियों में अभी परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है, उनमें अति पिछडा वर्ग के लिये 05 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये 10 प्रतिशत पद आरक्षित करते हुये संबंधित विभाग से संशोधित अर्थना मंगवाई जावे। संशोधित अर्थना प्राप्त होने पर उक्त भर्तियों में संशोधित विज्ञापन जारी किया जावें। अतः राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित प्रक्रियाधीन भर्तियों में उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी।

निम्नलिखित भर्तियों में संबंधित विभागों से संशोधित अर्थना प्राप्त होने पर पुनः ऑनलाईन आवेदन प्राप्त कर परीक्षा आयोजन के संबंध में आगामी कार्यावाही की जायेगीः–

क.स.	भर्ती परीक्षा का नाम
1	लवण निरीक्षक/हथकरघा निरीक्षक सीधी भर्ती–2018
2	कनि. अनुदेशक (डीजल मैकेनिक/ इलेक्ट्रोनिक्स/रेफ्रीजरेशन एण्ड एसी/वायरमैन/ कार्यशाला ग. व विज्ञान) सीधी भर्ती–2018
3	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती–2018
4	स्टेनाग्राफर सीधी भर्ती–2018
5	फार्मासिस्ट सीधी भर्ती–2018
6	कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक सीधी भर्ती–2019
7	अन्वेषक सीधी भर्ती–2019

निम्नलिखित भर्तियों में संबंधित विभागों से अति पिछडा वर्ग के अधिशेष पदों का सृजन होकर प्राप्त होने पर परीक्षा परिणाम जारी करने/आगामी कार्यावाही की जायेगीः–

क.स.	भर्ती परीक्षा का नाम
1	सूचना सहायक सीधी भर्ती –2018
2	आर्थिक अन्वेषक सीधी भर्ती–2018
3	महिला सुपरवाईजर सीधी भर्ती–2018
4	कर सहायक सीधी भर्ती–2018
5	पशुधन सहायक सीधी भर्ती–2018
6	शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III सीधी भर्ती–2018
7	लिपिक ग्रेड II/कनि. सहायक सीधी भर्ती–2018
8	कनि. अनुदेशक (कोपा/विधुत/फिटर/वेल्डर) सीधी भर्ती–2018
9	प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती–2018
10	कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती–2018
11	पूर्व प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती–2018
12	पर्यवेक्षक (महिला)(आंगनवाडी) सीधी भर्ती–2018

अतः इन प्रक्रियाधीन भर्ती परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वें कृपया इस संबंध में बोर्ड कार्यालय में अनावश्यक रूप से सम्पर्क नहीं करें।

(डॉ. बी.एल. जाटावत)
अध्यक्ष